कलक्ट्रेट में आरटीआई के आवेदन ऑनलाइन!

ई-मित्रों के जरिए आवेदन लेने की कवायद

जयपुर
cityreporter.jaipur@patrika.com

जिला कलक्ट्रेट में सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत आवेदन करने वालों को अब इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही आवेदन के लिए 10 रुपए के पोस्टल ऑर्डर के झंझट से भी निजात मिलेगी। दरअसल, जिला प्रशासन आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आईटीआई के आवेदन ई-मित्र के जरिए ऑनलाइन लेने पर विचार कर रहा है।

अगर ऐसा हुआ तो आवेदनकर्ता सिर्फ ई-मित्र केन्द्र के जरिए दस रुपए की रसीद कटाकर ऑनलाइन ही आवेदन कर सकेगा। इस नई शुरुआत के लिए डीओआईटी के अधिकारियों को शुक्रवार को कलक्ट्रेट में बुलाया गया है, जिनसे चर्चा के बाद ही पूरी प्रक्रिया तय होगी।

मोबाइल पर ही मिलेगी सूचना

प्रशासन आरटीआई के आवेदन की प्रक्रिया को ई-मित्र से जोड़ने के अलावा अन्य कई सुविधाएं भी शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत आवेदनकर्ता को ऑनलाइन आवेदन के साथ ही प्रार्थना पत्र की प्रगति के बारे में मोबाइल पर संदेश भेजा जाएगा। इसके अलावा मांगी गई सूचना के दस्तावेज के हिसाब से शुल्क जमा करने के बारे में भी मोबाइल पर अलर्ट भेजने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, ये अभी शुरुआती कदम है, जिसको डीओआईटी के अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद ही अमलीजामा पहनाया जाएगा, लेकिन इस तरह की कवायद आमजन की सुविधा के हिसाब से बड़ी पहल मानी जा रही है।

मुख्यालय से होगी मॉनिटरिंग

आरटीआई के आवेदन की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने से पुख्ता मॉनिटरिंग भी हो पाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं आरटीआई प्रकोष्ठ प्रभारी अरुण गर्ग के अनुसार ऑनलाइन सूचना के चलते मुख्यालय से हर आवेदन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने ने के लिए डीओआईटी अधिकारियों को बुलाया गया है। संभवतया अगले माह से लोगों को ये सुविधा मिलने लगेगी।